उत्तर प्रदेश नर्सेज एवं मिडवाइब्ज कौंसिल

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
Website-www.upnursescouncil.org Email-upnursescouncil@upsmfac.org
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91-9151024462

पत्रांक संख्या–8378/26

दिनांक 05.11.26
समयबद्ध/अति महत्वपूर्ण

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रबन्धक,
समस्त जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

विषय–जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 प्रशिक्षण की माह सितम्बर–2026 की परीक्षा में सम्मिलित अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थियों के रजिस्ट्रेशन/पंजीयन शुल्क जमा करने से वंचित छात्र/छात्राओं हेतु पुनः पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय पत्र संख्या–7741/26 दिनांक 14.10.2026 एवं पत्र संख्या–8117/26 दिनांक 29.10.2026 के क्रम में पुनः अवगत कराना है कि जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 की परीक्षा सितम्बर–2026 में सम्मिलित हुए अन्तिम वर्ष के परीक्षार्थियों की रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने हेतु छात्र/छात्राओं के रजिस्ट्रेशन शुल्क रू0 1000/– तथा 18% (GST) जी0एस0टी0 के साथ कुल रू0 1180/– प्रति अभ्यर्थी की दर से दिनांक 15.10.2026 से 31.10.2026 तक ऑनलाइन जमा करने हेतु पोर्टल खोला गया था। परन्तु कतिपय प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा निर्धारित तिथि 31.10.2026 तक रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं किया गया है। ऐसे प्रशिक्षण संस्थानों को पुनः एक अवसर प्रदान करते हुए दिनांक **14.11.2026** तक पोर्टल खोला जा रहा है।

समस्त जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 प्रशिक्षण केन्द्र दिनांक 14.11.2026 तक छात्र/छात्राओं के रजिस्ट्रेशन शुल्क ऑनलाइन जमा करना सुनिश्चित करें। शुल्क जमा करने के पश्चात् छात्र/छात्राओं के रजिस्ट्रेशन शुल्क **(Status–Success)** की रसीद दिये गए लिंक "https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPNMC_College/verifyTransaction" से डाउनलोड किया जा सकता है।

रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित समय में जमा न होने की दशा में आपके संस्थान के छात्र/छात्राऐं रजिस्ट्रेशन से वंचित रह जायेंगे। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं संस्थान का ही होगा।

प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/पंजीयन शुल्क जमा करने के माध्यम–

1- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/पंजीयन शुल्क जमा करने हेतु लिंक **https://erp.eshiksa.net/DirectFeesv3/UPNMC_College**
2- ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/पंजीयन शुल्क जमा करने हेतु कार्यालय की वेबसाइट **https://www.upnursescouncil.org/** पर जाकर **All FEE OF U.P. NURSES & MIDWIVES COUNCIL ONLINE PORTAL** के **UPNMC Affillated College Portal** पर क्लिक करके भी जमा कर सकते है।

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन/पंजीयन शुल्क जमा करने में किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर सम्पर्क सूत्र (श्री सौरभ त्रिवेदी–9454850549) पर कार्यालय कार्य दिवस् में प्रातः 10:00 से सांय 05:00 बजे के मध्य ही सम्पर्क किया जा सकता है।

भवदीय,

(डॉ0 अनुराग श्रीवास्तव)
रजिस्ट्रार।